16 FEBRUARY 2021

# PT CARD

संस्कृति IAS

## लेदरबैक समुद्री कछुआ (Leatherback Sea Turtle)



- अंडमान तथा निकोबार द्वीपसमूह में बढ़ते पर्यटन और बंदरगाहों के विकास के कारण संरक्षणवादियों ने लेदरबैक समुद्री कछुए के आवास से संबंधित चिंताएँ व्यक्त की हैं। **भारत में ये कछुए केवल अंडमान तथा निकोबार द्वीपसमूह में ही पाए जाते** हैं। इसके अतिरिक्त, हिंद महासागर में ये श्रीलंका और इंडोनेशिया क्षेत्र में पाए जाते हैं।
- लेदरबैक कछुआ, समुद्री कछुओं की कुल 7 प्रजातियों में सर्वाधिक विशाल है। **इसका वैज्ञानिक नाम डरमोचेल्स कोरिअसीआ (Dermochelys Coriacea)** है। इसका ऊपरी खोल चमड़े का बना होता है। **ये आर्कटिक तथा अंटार्कटिक को छोड़कर बाकी सभी महासागरों में पाए जाते** हैं।
- भारत में **समुद्री कछुओं को भारतीय वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की अनुसूची 1 के तहत संरक्षण प्राप्त** है। आई.यू.सी.एन. की रेड लिस्ट में इन्हें गंभीर रूप से संकटग्रस्त श्रेणी में रखा गया है। **लेदरबैक समुद्री कछुआ जेलीफिश को नियंत्रण में रखता है** जिस कारण समुद्र में ताज़े जल की मछलियों की संख्या बनी रहती है, परंतु समुद्री क्षेत्र में बढ़ते प्लास्टिक कचरे के कारण तेज़ी से इनकी मृत्यु हो रही है।
- **पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा 'राष्ट्रीय समुद्री कछुआ कार्ययोजना' जारी** की गई है, इसके लिये अंडमान और निकोबार को प्रमुख स्थल के रूप में चुना गया है। इस कार्ययोजना का उद्देश्य समुद्री कछुओं और उनके आवास स्थलों को संरक्षण प्रदान करना है।

संस्कृति IAS

17 FEBRUARY 2021

# PT CARD

संस्कृति IAS

## संदेश ऐप (Sandes App)

- **नेशनल इंफॉर्मेटिक्स सेंटर ने 'संदेश' नामक एक इंस्टेंट मैसेजिंग प्लेटफ़ॉर्म लॉन्च** किया है। इस प्लेटफ़ॉर्म पर पंजीकरण के लिये उपयोगकर्ता को एक वैध मोबाइल नंबर या ई-मेल आई.डी. का उपयोग करना होगा, जिसे बदला नही जा सकता है, ऐसा करने के लिये उपयोगकर्ता को नए यूजर के तौर पर रजिस्टर्ड कराना होगा।




- संदेश इंस्टेंट मैसेजिंग ऐप में इंटरफेस अन्य ऐप के समान ही है। यद्यपि इसमें दो प्लेटफ़ॉर्म के बीच चैट हिस्ट्री को हस्तांतरित करने का विकल्प नहीं है, लेकिन **चैट का बैक-अप भंडारण, उपयोगकर्ताओं के ई-मेल पर किया जा सकता है**।
- कोविड-19 के कारण घर से काम कर रहे **कर्मचारियों के बीच सुरक्षित संचार सुनिश्चित करने के लिये अगस्त 2020 में इसे लॉन्च किया गया था**। यह ऐप शुरुआत में केवल सरकारी कर्मचारियों के उपयोग हेतु था, जिसे अब सार्वजनिक कर दिया गया है।
- 'संदेश' प्लेटफ़ॉर्म में एक अतिरिक्त सुरक्षा फीचर उपलब्ध है, जिसके माध्यम से यूजर किसी मैसेज को गोपनीय तौर पर चिह्नित कर सकता है। इससे संदेश प्राप्तकर्ता को ज्ञात रहेगा कि प्राप्त मैसेज को किसी अन्य के साथ साझा नहीं करना है।
- विदित है कि **गृह मंत्रालय ने सुरक्षा मामलों के चलते सभी सरकारी कर्मचारियों को आधिकारिक संचार के लिये ज़ूम जैसे प्लेटफार्मों का उपयोग न करने की सलाह दी थी**, जिसके बाद से किसी ऐसे ऐप की आवश्यकता महसूस की जा रही थी।

संस्कृति IAS

18 FEBRUARY 2021

# PT CARD

संस्कृति IAS

## महाबाहु-ब्रह्मपुत्र परियोजना (Mahabahu-Brahmaputra Project)

- केंद्र सरकार ने देश के पूर्वी हिस्सों (विशेषकर ब्रह्मपुत्र और बराक नदी के आसपास के क्षेत्र) में विभिन्न विकासात्मक गतिविधियों को शुरू करने तथा इस क्षेत्र को निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिये महाबाहु-ब्रह्मपुत्र परियोजना की शुरुआत की है।
- इस परियोजना के तहत, धुबरी (उत्तरी तट) और फूलबाड़ी (दक्षिण तट) के बीच **ब्रह्मपुत्र नदी पर चार लेन के पुल** की आधारशिला रखी जाएगी। प्रस्तावित पुल NH-127B पर स्थित होगा, जो NH-27 (ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर) पर श्रीरामपुर से निकलता है और मेघालय में NH-106 पर नोंगस्टोइन पर समाप्त होता है। यह असम में धुबरी को मेघालय के फूलबाड़ी, तुरा, रोंग्राम और रोंगजेंग से जोड़ेगा।
- इस दौरान माजुली (उत्तरी तट) और जोरहाट (दक्षिणी तट) के बीच ब्रह्मपुत्र नदी पर दो लेन वाले पुल की आधारशिला भी रखी जाएगी। यह पुल NH-715K पर स्थित होगा और नीमतिघाट (जोरहाट की तरफ) व कमलाबारी (माजुली की तरफ) को जोड़ेगा।
- इस परियोजना के अंतर्गत पुल-निर्माण के साथ नेमाटी-माजुली द्वीप, उत्तरी-दक्षिणी गुवाहाटी और धुबरी-हाटसिंगिमारी के बीच **रो-पैक्स पोत संचालन** भी शामिल है। **'पानी'** (Portal for Asset and Navigation Information - PANI) नदियों के नौवहन और उनकी प्रकृति से जुड़ी जानकारियाँ प्रदान करने के लिये **एकल बिंदु समाधान** का कार्य करेगा।

संस्कृति IAS

19 FEBRUARY 2021

# PT CARD

संस्कृति IAS

## डिजिटल इंटेलिजेंस यूनिट (Digital Intelligence Unit)

- अवांछित वाणिज्यिक संचार (UCC) से जुड़ी शिकायतों और डिजिटल वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों से निपटने के लिये केंद्रीय संचार मंत्रालय द्वारा हाल में एक नोडल एजेंसी के रूप में 'डिजिटल इंटेलिजेंस यूनिट' (DIU) को स्थापित करने का निर्णय लिया गया है।
- डी.आई.यू, दूरसंचार संसाधनों से जुड़ी किसी भी प्रकार की **धोखाधड़ी की जाँच** में कानून प्रवर्तन एजेंसियों, वित्तीय संस्थानों एवं दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के मध्य समन्वय स्थापित करने में और **डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र में लोगों का विश्वास बढ़ाने** में महत्त्वपूर्ण साबित होगी।
- टेलीकॉम ग्राहकों के **अधिकारों के हितों के संरक्षण हेतु टेलीकॉम एनालिटिक्स फॉर फ्रॉड मैनेजमेंट एंड कंज़्यूमर प्रोटेक्शन** (टैफकॉप) प्रणाली भी विकसित की जाएगी। अत: इसके तहत वित्तीय लेन-देन अधिक सुदृढ़ होगा।
- यह यूनिट भारत में 'दूरसंचार वाणिज्यिक संचार ग्राहक वरीयता विनियम' (TCCCPR), 2018 के अनुपालन को सुनिश्चित करेगी। ध्यातव्य है कि TCCCPR भारत में, 'अवांछित वाणिज्यिक संचार' (UCC) को विनियमित करने के लिये नियामक ढाँचा प्रदान करता है।

संस्कृति IAS

20 FEBRUARY 2021

# PT CARD

संस्कृति IAS

## ऑटिज़्म स्पेक्ट्रम डिस्ऑर्डर (Autism Spectrum Disorder)

- ऑटिज़्म या ऑटिज़्म स्पेक्ट्रम डिस्ऑर्डर एक गंभीर मानसिक रोग है, जो तंत्रिका तंत्र के प्रभावित होने से होता है। इससे पीड़ित व्यक्ति संवाद स्थापित करने में अक्षम होता है। इसके लक्षण 2-3 वर्ष की आयु से ही दिखाई देने लगते हैं।





- इस रोग से पीड़ित बच्चे अपने नाम को सुनकर कोई प्रतिक्रिया नहीं देते। इसके अलावा, खेलते वक़्त किसी के संपर्क में आने पर, दूसरों के हाव-भाव को समझने या अपनी भावनाओं को व्यक्त करने में उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ता है। ये बच्चे बोलने व भाषा सीखने में अधिक समय लगाते हैं तथा शब्दों या वाक्यांशों को बार-बार दोहराते हैं अथवा शब्दानुकरण करते हैं।
- इसके लक्षण और गंभीरता प्रत्येक रोगी में अलग अलग होती है। इसका निदान मुश्किल होता है, क्योंकि इसकी जाँच केवल बच्चे के व्यवहार और विकास के आधार पर की जा सकती है। यद्यपि छोटे बच्चों में ऑटिज़्म की संभावना होने पर उनका **ऑडियोलॉजिकल मूल्यांकन तथा स्क्रीनिंग परीक्षण** किया जा सकता है। यदि समय से इसका नैदानिक परिक्षण कर उपचार प्रारंभ कर दिया जाए, तो इसे कुछ हद तक नियंत्रित किया जा सकता है।
- इस रोग के संबंध में सही कारण अभी तक ज्ञात नहीं हो सका है, किंतु अध्ययनों से पता चला है कि इसके आनुवंशिक व पर्यावरणीय कारकों से जुड़े होने की संभावना है। इससे पीड़ित व्यक्ति के **मस्तिष्क में सेरोटोनिन या अन्य न्यूरोट्रांसमीटर का स्तर असामान्य** हो जाता है। आनुवंशिका दोष के कारण भ्रूण के प्रारंभिक विकास के समय इस रोग के होने की संभावना होती है।


सामान्य अध्ययन का नया बैच 12 अप्रैल, 3 बजे | 7428085757/58

## कार्बन वॉच (Carbon Watch)

- किसी व्यक्ति के कार्बन फुटप्रिंट्स (Carbon footprints) का आकलन करने के लिये चंडीगढ़ में एक मोबाइल एप्लिकेशन 'कार्बन वॉच' लॉन्च किया गया है। चंडीगढ़ ऐसा करने वाला भारत का पहला राज्य या केंद्रशासित प्रदेश बन गया। इसका उद्देश्य **लोगों को क्लाइमेट-स्मार्ट** बनाते हुए उन्हें उनके कार्बन फुटप्रिंट्स के प्रति सचेत करना है।




- इस एप्लिकेशन को एक क्यू.आर. कोड के माध्यम से डाउनलोड किया जा सकता है। डाउनलोड करने के पश्चात चंडीगढ़ निवासियों को **चार श्रेणियों– जल, ऊर्जा, अपशिष्ट उत्पादन और परिवहन के संबंध में विवरण** देना होगा।
- जल श्रेणी के अंतर्गत, लोगों को जल उपभोग के संबंध में सूचित करना आवश्यक होगा। ऊर्जा श्रेणी के अंतर्गत, घर में उपयोग की जाने वाली विद्युत इकाइयों, मासिक बिल तथा सौर ऊर्जा के उपयोग के बारे में तथा अपशिष्ट श्रेणी के अंतर्गत 'वैयक्तिक स्तर पर लोगों को अपशिष्ट सृजन के संदर्भ में विवरण प्रस्तुत करना' होगा। परिवहन श्रेणी में, उपयोग किये जाने वाले चार पहिया, दोपहिया परिवहन साधनों बारे में सूचित करना होगा।
- कार्बन फुटप्रिंट्स ग्रीनहाउस गैसों, विशेष रूप से कार्बन डाइऑक्साइड की वह मात्रा है जो मानवीय गतिविधियों के कारण उत्पन्न होती है। लोगों के लगभग सभी व्यवहार, जिनमें खानपान से लेकर कपड़े पहनना तक शामिल हैं, कार्बन फुटप्रिंट्स का कारण बनते हैं।

सामान्य अध्ययन का नया बैच 12 अप्रैल, 3 बजे | 7428085757/58

23 FEBRUARY
2021

# PT CARD

संस्कृति IAS

## ग्रेटर टिपरालैंड (Greater Tipraland)





- ‘ग्रेटर टिपरालैंड’ इंडिजेनस पीपुल्स फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (IPFT) द्वारा **त्रिपुरा के आदिवासियों के लिये एक पृथक राज्य के रूप में टिपरालैंड** की माँग का ही विस्तार है।
- प्रस्तावित मॉडल की प्रमुख माँग **‘त्रिपुरा जनजातीय क्षेत्र स्वायत्त ज़िला परिषद’** (TTAADC) के बाहर स्वदेशी क्षेत्र या गाँव में रहने वाले प्रत्येक आदिवासी व्यक्ति को शामिल करना है। **त्रिपुरी समुदाय में 19 ‘कुल’** शामिल हैं, जिनमें से अधिकांश TTAADC क्षेत्र में रहते हैं। इसे ही ‘ग्रेटर टिपरालैंड’ के नाम से जाना जाता है।
- ध्यातव्य है कि यह विचार सिर्फ त्रिपुरा के आदिवासी परिषद के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों तक ही सीमित नहीं है, इसमें अन्य राज्यों जैसे असम, मिज़ोरम सहित भारत के बाहर बंदरबन, चटगाँव, खगराचारी तथा बांग्लादेश के आस-पास के अन्य क्षेत्रों में फैले ‘टिपरासा’ समूह के लोगों को शामिल करने की बात की गई है।
- **त्रिपुरी** (जिन्हें टिपरा, टिपरासा, ट्विप्रा के नाम से भी जाना जाता है) त्रिपुरा का **मूल नृजातीय समूह** है।

सामान्य अध्ययन का नया बैच 12 अप्रैल, 3 बजे
7428085757/58

## इंडिया अर्बन डाटा एक्सचेंज (India Urban Data Exchange – IUDX)

- आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने 'इंडिया अर्बन डाटा एक्सचेंज' की शुरुआत की है, इसे स्मार्ट सिटी मिशन तथा भारतीय विज्ञान संस्थान बेंगलुरु द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया गया है। इसका उद्देश्य नगरों से जुड़ी डाटा संबंधी विभिन्न समस्याओं का समाधान करना है।




- यह एक ओपन-सोर्स सॉफ़्टवेयर प्लेटफ़ॉर्म है, जो विभिन्न डाटा प्लेटफॉर्म्स के मध्य **तृतीय पक्ष प्रमाणन व अधिकृत अनुप्रयोगों तथा अन्य स्रोतों के बीच डाटा के सुरक्षित, प्रमाणित और प्रबंधित विनिमय की सुविधा प्रदान करता है**।
- यह शहरी स्थानीय निकायों सहित डाटा प्रदाताओं व डाटा उपयोगकर्ताओं के लिये शहरों, शहरी प्रशासन तथा शहरी सेवा वितरण से संबंधित डाटासेट को साझा करने, अनुरोध तथा एक्सेस करने के लिये एक निर्बाध इंटरफ़ेस के रूप में कार्य करता है।
- यह डाटा प्रदाताओं को डाटा साझा करने हेतु सुरक्षित और विश्वसनीय चैनल प्रदान करता है, जिसका डाटा तथा उसके उपयोगकर्ता पर पूरा नियंत्रण होता है। इसके माध्यम से गोपनीयता को सुनिश्चित किया जा सकता है।

सामान्य अध्ययन का नया बैच 12 अप्रैल, 3 बजे
7428085757/58

25 FEBRUARY 2021

# PT CARD

संस्कृति IAS

## राष्ट्रीय शहरी डिजिटल मिशन
## (National Urban Digital Mission — NUDM)

- **आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सहयोग से** 'राष्ट्रीय अर्बन डिजिटल मिशन' प्रारंभ किया है। इसका उद्देश्य **पीपुल्स, प्रोसेस व प्लेटफॉर्म (3-P) तीन स्तंभों के आधार पर** शहरी भारत के लिये साझा डिजिटल बुनियादी ढाँचे का विकास करना है।




- यह मिशन वर्ष 2022 तक देश के 2022 शहरों में तथा वर्ष 2024 तक देश के सभी नगरों व कस्बों में प्रशासन और सेवा वितरण के लिये, नागरिक केंद्रित व पारिस्थितिकी तंत्र संचालित दृष्टिकोण को संस्थागत रूप प्रदान करेगा।
- इसके अंतर्गत, आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा वर्ष 2019 में शहरी भारत में शुरू की गई 'नेशनल अर्बन इनोवेशन स्टैक' की रणनीति तथा दृष्टिकोण पर आधारित प्रौद्योगिकी के सिद्धांतों का अनुसरण किया गया है।

सामान्य अध्ययन का नया बैच 12 अप्रैल, 3 बजे | 7428085757/58

26 FEBRUARY 2021

# PT CARD

संस्कृति IAS

## सिटी इनोवेशन एक्सचेंज प्लेटफॉर्म
## [The City Innovation Exchange (CiX) platform]

- आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने 'सिटी इनोवेशन एक्सचेंज' प्लेटफॉर्म का शुभारंभ किया है। यह प्लेटफॉर्म नगरों की बढ़ती चुनौतियों के अभिनव समाधान तैयार करने हेतु राष्ट्रीय स्तर पर **नवोन्मेषकों को नगरों से जोड़ने के लिये पारितंत्र उपलब्ध कराएगा**।




- **'मुक्त नवाचार'** के दर्शन पर आधारित यह प्लेटफॉर्म पारदर्शी और धारणीय तरीके से शहरी भारत के सह-निर्माण के लिये नागरिक संगठनों, अकादमियों, व्यवसायों तथा सरकार को एकसाथ लाएगा।
- यह मज़बूत, पारदर्शी और उपयोगकर्ता केंद्रित प्रक्रिया के माध्यम से समाधानों की खोज, डिज़ाइन और सत्यापन को आसान बनाएगा। साथ ही, उचित समाधानों की खोज के लिये नवोन्मेषकों व शहरों के मध्य बाधाओं को कम करेगा।
- वर्तमान में इस प्लेटफॉर्म पर 100 स्मार्ट शहरों के 400 से अधिक स्टार्ट-अप से संबंधित लगभग 150 चुनौतियों से निपटने के लिये 215 से अधिक समाधान उपलब्ध हैं।

सामान्य अध्ययन का नया बैच 12 अप्रैल, 3 बजे | 7428085757/58


27 FEBRUARY 2021

# PT CARD

संस्कृति IAS

## विशेष प्रयोजन अधिग्रहण कंपनी ( एस.पी.ए.सी. )
## (Special-Purpose Acquisition Company—SPAC)

- ‘विशेष प्रयोजन अधिग्रहण कंपनी’ या ब्लैंक-चेक कंपनी, किसी **विशेष क्षेत्र में फर्म को अधिग्रहित करने के उद्देश्य से स्थापित** एक इकाई है। इसका उद्देश्य आई.पी.ओ. **(Initial Public Offer)** के माध्यम से धन एकत्र करना है।
- आई.पी.ओ. के माध्यम से निवेशकों से जुटाया गया धन ‘एस्क्रो अकाउंट’ में जमा किया जाता है, जिसका उपयोग अधिग्रहण के समय किया जा सकता है। यदि आई.पी.ओ. जारी करने के 2 वर्ष के अंदर अधिग्रहण नहीं किया जाता है, तो एस.पी.ए.सी. को समाप्त कर निवेशकों को धन वापस कर दिया जाता है।




- ‘एस्क्रो अकाउंट’ एक ऐसा अकाउंट होता है, जिसमें **दो या दो से अधिक भागीदारों द्वारा एक न्यास के माध्यम से धनराशि का लेन-देन किया जाता** है। अधिग्रहण या अनुबंध की प्रक्रिया पूर्ण न होने तक न्यास उक्त धनराशि को प्रबंधित करता है। एस्क्रो समझौता पूर्ण होने पर धनराशि का भुगतान व्यवसायी को कर दिया जाता है।

सामान्य अध्ययन का नया बैच 12 अप्रैल, 3 बजे | 7428085757/58